दिनांक 17.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जर्जर स्कूल के कमरों को तोड़ने की मिली अनुमति

भिलाई नगर/ वार्ड-21 और कैंप क्षेत्र के पालकों को जर्जर स्कूल भवन में बच्चों की पढ़ाई की चिंता से मुक्ति से मिलेगी। निगम प्रशासन ने वार्ड- 21 जेपी नगर स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल के दो कमरों को तोड़ने का निर्णय लिया है। शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन काफी पुराना है। भवन जर्जर हो चुकी है। बारिश में सीपेज की समस्या रहती है। प्लास्टर टूट कर कभी भी गिर जाती है। ऐसे में यहां बच्चों को बिठाकर पढ़ाई कराना शिक्षकों के साथ पालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। जर्जर स्कूल भवन में बच्चों की पढ़ाई की समस्या से परेशान स्कूल प्रशासन और पालकों ने महापौर व विधायक श्री देवेन्द्र यादव और निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी को ज्ञापन सौंपकर जर्जर स्कूल भवन को तोड़ने की मांग की थी। जिस पर आयुक्त ने जिला कार्यालय और शासन को पत्र भेजकर जर्जर स्कूल के कमरों को तोड़ने की अनुमति मांगी थी। शासन से अनुमति मिलने के बाद निगम प्रशासन ने जर्जर स्कूल के दो कमरों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दिया है इसके लिए मदर टैरेसा नगर जोन कार्यालय ने ईओआई जारी कर दी गई है। कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक तौर पर दो कमरों को तोड़ने की अनुमति प्राप्त हुई है , विद्यालय भवन में 5 कमरे हैं, दो कमरों को तोड़कर नए दो कमरे बनाए जाएंगे इसके लिए निविदा की प्रक्रिया कर दी गई है! इससे पहले निगम प्रशासन ने बैकुंठधाम मंदिर के पीछे जर्जर भवन को तोड़ने की कार्रवाई की थी।